 Roll No. ....

MAHL-102

मध्यकालीन कविता

M.A. Hindi (MAHL-12/16/17)

First Year Examination, 2019 (June)

Time : 3 Hours] **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्नपत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों क, ख तथा ग में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड-क
(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (2×19=38)

1. कृष्ण भक्ति काव्यधारा के कवियों व मुख्य प्रवृत्तियों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

2. सूरदास वात्सल्य रस के सम्राट हैं, इस कथन की उदाहरण सहित विस्तार से समीक्षा कीजिए।

3. बिहारी ने 'गागर में सागर' भरने का प्रयत्न किया है, इस उक्ति की सार्थकता उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

4. घनानन्द की रचनाओं का परिचय देते हुए उनकी काव्यगत विशेषताओं का विशद् विवेचन कीजिए।

खण्ड-ख

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (4×8=32)

1. प्रेममार्गी शाखा की प्रमुख विशेषताएं बताइए।

2. सूरदास की रचनाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

3. कृष्णमार्गी काव्यधारा में मीरा के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

4. तुलसी के काव्य-सौष्ठव पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

5. रीतिकाल की प्रमुख काव्य प्रवृत्तियों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

6. रीतिमुक्त काव्यधारा की मुख्य प्रवृत्तियों को बतलाइए।

7. केशवदास के काव्य की प्रमुख विशेषताएं बतलाइए।

8. 'घनानन्द प्रेम की पीर के कवि हैं।' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

खण्ड-ग
(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (10×1=10)

सही उत्तर का चयन कीजिए।

1. 'पुष्टिमार्ग का जहाज' किस भक्त को कहा जाता है?

   (अ) कबीरदास। (ब) सूरदास।

   (स) नन्ददास। (द) कुम्भनदास।

2. निम्न में से कौन सा ग्रन्थ मीरा द्वारा रचित है?

   (अ) साहित्य लहरी। (ब) नरसी जी को माहेरो।

   (स) प्रेमवाटिका। (द) रामचन्द्रिका।

3. 'शिवराज भूषण' किस कवि की रचना है?

   (अ) घनानन्द। (ब) मतिराम।

   (स) भूषण। (द) केशवदास।

4. 'कवितावली' के रचनाकार हैं :

(अ) तुलसीदास। (ब) भूषण।

(स) केशवदास। (द) सूरदास।

5. निम्न में कौन रीतिसिद्ध कवि है?

(अ) घनानन्द। (ब) बोधा।

(स) आलम। (द) बिहारी।

6. 'रामचन्द्रिका' महाकाव्य के रचनाकार हैं :

(अ) तुलसीदास। (ब) मतिराम।

(स) नन्ददास। (द) केशवदास।

7. कबीर के गुरू का नाम है :

(अ) आचार्य बल्लभ। (ब) रामानन्द।

(स) विट्ठलनाथ। (द) मध्वाचार्य।

सत्य/असत्य चुनिए।

8. 'अखियाँ हरि दरसन की भूखी' काव्य पंक्ति तुलसीदास की है।

9. सूरदास की भक्ति भावना सख्य भाव की है।

10. 'सावन बरस मेह अति पानी' काव्य पंक्ति जायसी की है।